पाठ 12 धरती की बांहें

मुख से

क) कवि ने पेड़ों को धरती की बांहें क्यों कहा है?

- उत्तर- कवि ने पेड़ों को धरती की बांहें इसलिए कहा है क्योंकि वे अपने तनों तथा पत्तों के माध्यम से इस प्रकार झूमते हैं, जैसे वे हमारे लिए ईश्वर से दुआएं मांग रहे हों।

ख) पेड़ हमारे लिए क्या यत्न जुटाते हैं और कैसे?

उत्तर- पेड़ हमें रोटी, कपड़ा और मकान यह तीनों चीजें देते हैं। ये चीजें प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से हमें पेड़ों से प्राप्त होती है। हम पेड़ों से प्राप्त फल- मूल से अपनी भूख मिटाते हैं। हमारे वस्त्र भी पेड़ों से ही बनते हैं। साथ ही इससे हमें घर बनाने के लिए चीजें जैसे लकड़ी, बांस, घांस-फूस आदि सब प्राप्त होती हैं। इन सभी चीजों की प्राप्ति के स्रोत पेड़ ही हैं, जो हमारे लिए उनके द्वारा यत्नपूर्वक जुटाए जाते हैं।

ग) आपके विचार से कभी नहीं पेड़ों को चित्र क्यों कहा है?

उत्तर- पेड़-पौधों की आकर्षक तथा मनमोहक श्रंखला धरती की ही देन है। यह किसी सुंदर चित्र की तरह दिखते हैं। इस कारण कवि ने पेड़ों को चित्र कहा है।

घ) पेड़ों को चंवर क्यों कहा गया है?

उत्तर- पेड़ों को चंवर इसलिए कहा गया है क्योंकि यह अपनी डालियों एवं पत्तों को हिला- हिलाकर हमें ठंडी शीतल हवा प्रदान करते हैं।

कलम से

क) कवि पेड़ों के बारे में बात कर रहे हैं पर ये बार-बार 'पेड़ नहीं है', ऐसा क्यों कह रहे हैं?

उत्तर- कवि द्वारा बार-बार कहा जाना कि ये पेड़ नहीं हैं- पेड़- पौधों के महत्व को रेखांकित करता है। कवि का आशय है कि यह पेड़ मात्र नहीं है, हमारे जीवन को सजाने- संवारने वाले विविध रूप हैं।

ख) हम रास्ते में चलते हुए खुली दृष्टि से क्या देखना चाहते हैं?

उत्तर- हम रास्ते में चलते हुए खुली दृष्टि से यह देखना चाहते हैं कि हमारी राह सुरक्षित तथा विघ्न-बाधाओं से रहित है या नहीं।

ग) पेड़ों को धरती की निगाहें कहने के पीछे कवि का क्या उद्देश्य है?

उत्तर- पेड़ों को धरती की निगाहें कहने के पीछे कवि का यह तात्पर्य है कि पेड़- पौधे हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इनसे हमें जीवन की राह ढूंढने में आसानी होती है।

घ) पेड़ हमारे लिए मित्र कैसे सिद्ध होते हैं? मित्रों का जीवन में क्या महत्व है?

उत्तर- पेड़-पौधे हमारे परम मित्र हैं। यह हर कदम पर हमारा साथ देते हैं। भोजन, वस्त्र, आवास, हवा, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताएं हमें पेड़-पौधों से ही प्राप्त होती हैं। मित्रों का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। अच्छे मित्र से जीवन सफल हो जाता है तथा बुरे मित्र जीवन को नारकीय बना देते हैं।

ङ) अलख जगाना क्या होता है? धरती ने पेड़ों के रूप में द्वार कैसे सजाए हैं?

उत्तर- धरती ने अपने ऊपर सुंदर-सुंदर पेड़-पौधों को उगाकर अपने निवासियों के लिए संपन्नता एवं स्वच्छता का अलख जगाया है। पेड़-पौधों की सुंदर श्रृंखलाएं धरती के द्वार की तरह लगती हैं।